हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 जल संकट की आहट: बैतूल जिल में 41.5 प्रतिशत घट सकता है...



08 अलसुबह तक चला अभा कवि सम्मेलन श्रोताओं ने कविताओं ...



सलोनी झा तीन दिन तक करेंगी मंच का संचालन, शुभांगी अत्रे होंगी विशेष आकर्षण

14, 15 और 16 अक्टूबर को द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट में फिर होगा गरबा, संगीत, परंपरा और पारिवारिक उत्सव का माहौल, हरिभूमि फैमिली गरबा अपने पांचवे वर्ष में करेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इस वर्ष 14, 15 और 16 अक्टूबर को द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट, नर्मदापुरम रोड, इटारसी में तीन शामें गरबा, संगीत, परंपरा और पारिवारिक उत्सव के नाम रहेंगी। 'अनुभूति' की पहचान सिर्फ भव्यता से नहीं, बल्कि पारिवारिक और सुरक्षित वातावरण से भी जुड़ी है। इस बार पूरा वेन्यू सेफ एंड सिक्योर कैंपस के रूप में तैयार किया जा रहा है। पूरे आयोजन स्थल पर सीसीटीवी निगरानी, व्यवस्थित एंट्री-एग्जिट और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा गया है।

भक्ति में रंगने का अवसर



नवरात्रि के पावन अवसर पर मां जगदम्बा की आराधना और गरबा की भक्ति में रंगने का अवसर है हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा। आस्था, संस्कृति और पारिवारिक उल्लास से सजा यह आयोजन इटारसी की खूबसूरत परंपरा को और समृद्ध करे। मां दुर्गा की कृपा से सभी परिवारों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार हो। हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा के सफल एवं भव्य आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

शिवाकांत 'गुड्डन' पाण्डेय
अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम

फिर सजेगा खूबसूरत मंच



नवरात्रि की पावन बेला में मां दुर्गा की आराधना के साथ गरबा का उत्सव मनाना हमारी समृद्ध संस्कृति की सुंदर अभिव्यक्ति है। हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा इसी आस्था और पारिवारिक परंपरा को उत्सव के रंगों में सजाने का प्रयास है। इटारसी के सभी परिवार इस उत्सव में उत्साहपूर्वक सहभागी बनें और यादगार पलों का आनंद लें। हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा के सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

राहुल चौरे
अध्यक्ष, नगर मंडल भाजपा इटारसी

उत्सव का खूबसूरत रंगमंच



मां अम्बे की भक्ति और गरबा की मनमोहक ताल के साथ इटारसी में फिर सजने जा रहा है उत्सव का खूबसूरत रंगमंच। हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा परिवार, संस्कृति और उमंग को एक साथ जोड़ने वाला शानदार आयोजन है। इस पावन अवसर पर मां जगदम्बा सभी श्रद्धालुओं और परिवारों पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें। हर ताल में भक्ति हो, हर कदम में उत्साह हो। इस भव्य आयोजन के लिए मेरी ओर से हार्दिक मंगलकामनाएं।

कन्हैया गोस्वामी
अध्यक्ष, नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी

संस्कृति से जुड़ने का मौका



गरबा केवल नृत्य नहीं, बल्कि हमारी आस्था, परंपरा और संस्कृति से जुड़ने का उत्सव है। इसी भावना के साथ आयोजित हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा इटारसीवासियों के लिए आनंद और उमंग का अवसर बने। मां दुर्गा की आराधना से वातावरण भक्तिमय हो और गरबा की ताल से पूरा परिसर उत्साह से गूंज उठे। समां जगदम्बा की कृपा सभी पर बनी रहे इसी मंगलकामना के साथ आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

रवि जायसवाल
पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद इटारसी

मन में आंनद का संचार हो



नवरात्रि के पावन पर्व पर आस्था और उल्लास के रंगों से सजा हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा इटारसी में उत्सव की नई ऊर्जा लेकर आए। मां जगदम्बा की आराधना के साथ गरबा की हर ताल हमारी संस्कृति और परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत करे। यह आयोजन परिवारों को साथ लाए, नई यादें बनाए और हर मन में आनंद का संचार करे। हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा के सफल, भव्य और मंगलमय आयोजन के लिए शुभकामनाएं।

जसवीर छाबड़ा
विधायक प्रतिनिधि

भक्ति की झलक दिखेगी



मां जगदम्बा की भक्ति, गरबा की मधुर ताल और अपनों के साथ उत्सव की खुशियां, यही है नवरात्रि की खूबसूरत अनुभूति। हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा इसी भावना को साकार करने वाला एक विशेष पारिवारिक आयोजन है। इस आयोजन में हमारी संस्कृति की झलक, भक्ति का भाव और परिवारों का उल्लास एक साथ देखने को मिले। इस पावन एवं भव्य आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं।

मयंक मेहतो
अध्यक्ष, पुरानी इटारसी मंडल भाजपा

खबर संक्षेप

खरीफ उपार्जन के लिए पंजीयन 10 अक्टूबर तक

नर्मदापुरम। शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान एवं मोटे अनाज के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया जिले में संचालित की जा रही है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में 30 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं। किसान इन केंद्रों के साथ-साथ ग्राम पंचायत सुविधा केंद्रों पर पंजीयन करा सकते हैं।

रिकवरी कर्मियों से की मारपीट

इटारसी। ओवर ब्रिज तिराहे पर मारपीट की एक घटना सामने आई है। नगर निरीक्षक सौरभ पांडे ने बताया कि बताया कि हीरो फाइनेंस कंपनी में रिकवरी और फाइनेंस की गाड़ियां सीज करने का काम करने वाले दो कर्मचारी, दीपक पिता रामेश्वर और राज गुप्ता पिता भगवत गुप्ता जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से एक बिना नंबर वाली फोर-व्हीलर गाड़ी आई, जिसमें से 4-5 लड़के उतरे और उन्होंने इन दोनों कर्मियों के साथ मारपीट की। नगर निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है।

इटारसी-बैतूल हाईवे पर टला भीषण हादसा

342 गैस सिलेंडरों से लदे ट्रक की जेसीबी से हुई टक्कर, सड़क पर बिखरे सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इटारसी-बैतूल मार्ग पर बागदेव के पास बुधवार दोपहर घरेलू गैस सिलेंडरों से भरे एक ट्रक और जेसीबी लदे दूसरे ट्रक के बीच सीधी भिड़ंत हो गई।

बुधवार दोपहर इटारसी-बैतूल हाईवे पर बागदेव के समीप एक दिल दहला देने वाला हादसा होते-होते बच गया। यहां 342 भरे हुए घरेलू गैस सिलेंडरों को ले जा रहे एक ट्रक की भिड़ंत जेसीबी मशीन से लदे दूसरे ट्रक से हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गैस सिलेंडर वाला ट्रक पलट गया और भरे हुए सिलेंडर सड़क पर बिखर गए। गनीमत यह रही कि किसी भी सिलेंडर में विस्फोट नहीं हुआ, अन्यथा एक बड़ी त्रासदी हो सकती थी। हादसे का शिकार हुआ गैस सिलेंडरों का ट्रक भोपाल से बैतूल जा रहा था। बीती रात खराबी आने के कारण उसे बागदेव के आगे खड़ा किया गया था।



खराब ट्रक की हो रही थी मरम्मत तभी हुई घटना

भोपाल से पहुंचे मैकेनिक मांगीलाल ट्रक की मरम्मत कर रहे थे। उसी दौरान बैतूल से इटारसी की ओर आ रहे जेसीबी लदे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि मरम्मत के तुरंत बाद यह घटना किन परिस्थितियों में हुई।

अफवाह से अफरा-तफरी, दमकल पहुंची



दुर्घटना के बाद मौके पर आग लगने की अफवाह फैल गई थी, जिससे हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही इटारसी और ऑर्डनेंस फैक्ट्री की फायर ब्रिगेड गाड़ियां तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गईं। फिलहाल केसला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टक्कर मारने वाले जेसीबी लदे ट्रक को जब्त कर थाने में खड़ा करा लिया है और मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, भोपाल से बैतूल जा रहा ट्रक कुल 342 भरे हुए गैस सिलेंडरों से लदा था। इटारसी के पास रात में ही ट्रक में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण उसे बागदेव के आगे खड़ा किया गया था।

हादसे में ड्राइवर और मैकेनिक घायल

इस जोरदार टक्कर में गैस सिलेंडर ट्रक के चालक असलम का बायां पैर टूट गया है। वहीं, मैकेनिक मांगीलाल के दाएं पैर में फ्रैक्चर आया है और सिर में चोट लगने के कारण पांच टांके लगाने पड़े हैं। दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया है।

एसटीआर के रिसोर्ट परिसर में चीतल की मौत, कारण अज्ञात



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पर्यटन क्षेत्र मढ़ई में फोरेसिथ लॉज रिसॉर्ट परिसर के जंगल में एक चीतल मृत मिला। दोपहर करीब 3:30 बजे रिसॉर्ट स्टाफ ने इसकी सूचना बागड़ा बफर रेंज के वन परिक्षेत्र कार्यालय को दी। सूचना के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया। रेंजर विलास डोंगरे डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल व आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग कराई गई। चीतल का शव मिलने के बाद रिसॉर्ट स्टाफ ने उसके तेंदुए के हमले में मारे जाने की आशंका जताई थी। वन विभाग की टीम ने डॉग स्क्वॉड की मदद से घटनास्थल और आसपास सघन सर्चिंग की, लेकिन कोई संदिग्ध गतिविधि या शिकार जैसी स्थिति नहीं मिली।

घटना के समय अंधेरा होने के कारण मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। नियमानुसार शव को शासकीय वाहन से सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया और वन अमले की निगरानी में रखा गया। बुधवार को शासकीय पशु चिकित्सक डॉ. संजीव मालवीय ने चीतल का पोस्टमार्टम किया। विभाग के अनुसार प्रथम दृष्टया चीतल की मौत का कारण आवारा कुत्तों द्वारा घायल किया जाना पाया गया। पोस्टमार्टम के दौरान चीतल के सभी अंग सुरक्षित मिले। मौत के कारण की पुष्टि के लिए सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

एनीबेसेंट विशेष विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचीं समाजसेवी, सीलिंग फैन किया भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



एनीबेसेंट विशेष विद्यालय एवं आवासीय छात्रावास, मालाखेड़ी में समाजसेवी किरण शर्मा एवं रुक्मिणी नागरे ने दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचकर उनसे आत्मीय मुलाकात की तथा उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की शिक्षा, प्रशिक्षण एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली और बच्चों के साथ समय बिताया। बच्चों के प्रति स्नेह एवं सामाजिक दायित्व की भावना व्यक्त करते हुए दोनों समाजसेवियों ने संस्था को स्वेच्छा से एक सीलिंग फैन दान स्वरूप भेंट किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों में प्रतिभा और आगे बढ़ने की पूरी क्षमता है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को ऐसे बच्चों के साथ संवेदनशीलता एवं सहयोग की भावना से खड़ा होना चाहिए। उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप मन लगाकर पढ़ाई एवं प्रशिक्षण प्राप्त करें, अपनी प्रतिभा को पहचानें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। आपकी मेहनत और लगन ही आपकी सबसे बड़ी पहचान बनेगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में संस्था की आवश्यकता के अनुसार हर संभव सहयोग करने का प्रयास करेंगी तथा विभिन्न कार्यक्रमों में बच्चों के बीच शामिल होकर उनका उत्साहवर्धन करेंगी। संस्था की संचालिका आरती दत्ता एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

कैरियर काउंसलिंग एवं वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी मालवा में "कैरियर काउंसलिंग कौशल एवं वोकल फॉर लोकल" विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को कैरियर के विभिन्न अवसरों, स्थानीय उत्पादों तथा उनसे जुड़ी रोजगार संभावनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन, स्थानीय उत्पादों की उपयोगिता, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं द्वारा छात्राओं को अपनी रुचि एवं कौशल के अनुरूप कैरियर का चयन करने तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा कैरियर एवं स्थानीय उत्पादों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

कृषि महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत किया गया पौधारोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के 63 वें स्थापना दिवस 1 से 7 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा में किया गया। जिसके अंतर्गत प्रांगण में वृक्षारोपण एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत छात्रावास एवं भोजनालय कक्ष परिसर एवं प्रांगण की सफाई, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा नशा मुक्ति रैली का आयोजन कर जागरूकता अभियान के द्वारा संदेश, नुक्कड़ नाटक एवं महाविद्यालय स्तर पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ अमिता पचौरी, डॉ अन सिंह निनामा एवं एनसीसी अधिकारी डॉ साक्षी सिंह , संस्कृति समिति के सदस्य डॉ मोनिका सिंह प्राध्यापक डॉ विनोद कुमार, डॉ धनंजय कटहल, डॉ आशीष शर्मा,डॉ अर्चना शर्मा, डॉ गुलफ़सिा फिरदौस अहमद, डॉ सीमा द्विवेदी, डॉ शोभाराम अंजनावे, डॉ संजय सिंह चौहान, डॉ गौरव वाणी,आंचलिक कृषि अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ के के मिश्रा,डॉ विनोद कुमार, डॉ आरके मेश्राम, डॉ दीपक खांडे एवं महाविद्यालय के सहायक छात्र कल्याण डॉ सुनील कुमार पांडेय आदि ने पौधारोपण कर संरक्षण की शपथ ली।

अग्निहोत्री व पटेल बने टीएसी मेंबर, सिंधिया का माना आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



केंद्रीय संचार मंत्रालय के अधीन भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा गठित दूरसंचार सलाहकार समिति (टीएसी) में मुकेश अग्निहोत्री, चंचल पटेल एवं राजेश तिवारी को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। उक्ताशय के आदेश जारी होने पर दूरसंचार सलाहकार समिति में माधव ज्योति परिवार से जुड़े हुए मुकेश अग्निहोत्री एवं चंचल पटैल को दायित्व प्राप्त होने पर समिति सदस्यों ने बधाई देते हुए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति आभार व्यक्त किया। नव दायित्व प्राप्त होने पर अग्निहोत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में एव सिंधिया के कुशल, संवेदनशील एवं दूरदर्शी नेतृत्व में भारत का संचार तंत्र अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा, सिंधिया ने मुझ पर जो अटूट विश्वास जताकर यह जिम्मेदारी सौंपी है, मैं उस पर पूर्ण निष्ठा, कर्मठता और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करूगा। प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए चंचल पटैल ने कहा कि दूरसंचार सलाहकार समिति प्रशासन और आम उपभोक्ताओं के बीच एक सेतु की तरह कार्य करती है। क्षेत्र के ग्रामीण एवं सुदूर अंचलों में नेटवर्क का विस्तार, फाइबर कनेक्टिविटी की सुलभता, लैंडलाइन व ब्रॉडबैंड सेवाएं कार्ययोजना में शामिल रहेगा।

नर्मदा तटों पर मंत्रोच्चार के साथ पितृपक्ष में उमड़ रही भीड़

आज त्रयोदशी बच्चों के निमित्त और कल अकाल मृत्यु या दुर्घटना में दिवंगतों के लिए होगा श्राद्ध और तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पितृपक्ष के दौरान शहर के सभी घाट पर इन दिनों आस्था और श्रद्धा के केंद्र बने हुए हैं। माँ नर्मदा के पवित्र जल में अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति, मोक्ष और तृप्ति के लिए शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से सैकड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन तर्पण व पिंडदान करने पहुंच रहे हैं। पंडित अनिल मिश्रा ने बताया कि 6 वर्ष से अधिक के बच्चों का श्राद्ध तर्पण त्रयोदशी की तिथि में होता है और चतुर्दशी में अकाल और दुर्घटना से होने वाली मृत्यु के चलते श्रद्धा और तर्पण किया जाता है।

सूर्योदय के साथ ही सेठानी घाट, विवेकानंद घाट, मंगलवारा घाट और कोरी घाट पर वैदिक मंत्रों की गूंज सुनाई दे रही है। पुरोहितों व आचार्यों की उपस्थिति में श्रद्धालु तिल, कुश और नर्मदा जल की धाराओं से पितरों को अर्घ्य देकर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं।



तर्पण के उपरांत घाटों व मंदिरों में ब्राह्मण भोजन, वस्त्र दान और गो-सेवा का सिलसिला निरंतर जारी है।प्रशासन और स्थानीय सेवा समितियों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों पर साफ-सफाई व सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पितृपक्ष के इस चरण में गुरुवार और शुक्रवार की तिथियों का विशेष महत्व है। आज त्रयोदशी श्राद्ध इस दिन बच्चों के निमित्त भी श्राद्ध व तर्पण करने का विशेष विधान है।

चतुर्दशी श्राद्ध इसे अकाल मृत्यु या दुर्घटना में दिवंगत हुए परिजनों के लिए विशेष श्राद्ध माना जाता है। जिन लोगों की मृत्यु शस्त्र, दुर्घटना, जल में डूबने, विष या किसी असमय कारण से हुई हो, उनका तर्पण इस तिथि पर करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है। 10 अक्टूबर को 'सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या' के साथ पितृपक्ष का समापन होगा। जिन लोगों को अपने पूर्वजों की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं है वे इस दिन तर्पण कर पितृ ऋण से मुक्त हो सकते हैं।

एक दान पितरों के नाम अभियान अंतर्गत स्कूल में बांटी गई सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं डीपीसी डॉ. राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे 'एक दान पितरों के नाम' अभियान के अंतर्गत प्राथमिक शाला मेनबोर्ड एवं बासागंज में एक सराहनीय व प्रेरणादायी पहल देखने को मिली। प्राथमिक शाला मेनबोर्ड में हुआ सामग्री का दानःअभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. रागिनी सिकरवार ने अपने सुपुत्र सम्यक सिकरवार, डॉ. हर्षा चचारे एवं डॉ. श्वेता धाकड़ के साथ सम्मिलित रूप से प्राथमिक शाला मेनबोर्ड को 2 पंखे एवं 4 कुर्सियां भेंट कीं। इसके साथ ही शाला के सभी 27 बच्चों को कॉपियां, स्केच पेन तथा समस्त आवश्यक स्टेशनरी सामग्री दान स्वरूप प्रदान की गई। बोर्ड के पश्चात दल द्वारा प्राथमिक शाला बासागंज का रुख किया गया, जहाँ अध्ययनरत सभी 28 छात्र-छात्राओं को उपयोगी स्टेशनरी सामग्री का वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

खबर संक्षेप

आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



शाहपुर। दशहरा एवं नवरात्र पर्व को लेकर शाहपुर थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नवरात्र में मूर्ति स्थापना एवं डीजे साउंड सिस्टम की वैधानिक व्यवस्था एवं दशहरा उत्सव के समय पुलिस व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने के संबंध में निर्णय लिए गए। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विभाग शाहपुर अर्चना शर्मा, तहसीलदार टी व्हिस्के, नगर परिषद अध्यक्ष विक्की रोहित नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीतू गुप्ता, उमेश पाटील,अशोक बरखने, विद्युत विभाग शाहपुर, थाना प्रभारी शाहपुर अरविंद कुमरे उपस्थित रहे। सभी के द्वारा शहर में धार्मिक पर्व को धूमधाम से मनाने एवं शांतिपूर्ण ढंग से देवी जी की प्रतिमा विसर्जन एवं दशहरा उत्सव मनाने के संबंध में आश्वासन दिया गया।

पंचायतों में बोरी बंधान और कडी शटर के काम शुरू



आमला। जिले में हुई कम वर्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन अब सचेत हो गया है और भविष्य को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। जिससे भविष्य में आम लोगो एवं किसानों के सामने जलसंकट न पैदा हो। आमला जनपद की ग्राम पंचायतों में भी नदी नालों और पंचायत के द्वारा बनाये गए स्टॉप डेम पर कलेक्टर के निर्देश के अनुसार कार्य शुरू हो गया है। जनपद पंचायत आमला के सहायक यंत्री सावन घोसले ने बताया कि कम वर्षा के चलते हमारे द्वारा सभी ग्राम पंचायतों मे जल संरक्षण के कार्य चल रहे है।ग्रामीण क्षेत्रो से बहने वाली नदी,नालो पर बोरी बंधन करके पानी को रोका जा रहा हैं और जो स्टॉप डेम निर्माण किए है और जहाँ पर कडी शटर नही लगी है, ऐसी सभी जगह पर कड़ी शटर लगाने का कार्य जारी है। मिली जानकारी के अनुसार आमला जनपद की ग्राम पंचायत अँधारिया, जमदेहिकला, रानीडोंगरी, परसोड़ी, लालावाड़ी, गुबरेल, डंगारिया, कोण्डरखापा आदि पंचायत में जल संरक्षण के कार्य हो रहे है।

55 हजार हेक्टेयर में ही पानी देने की तैयारी

जल संकट की आहट: बैतूल जिले में 41.5 प्रतिशत घट सकता है सिंचाई का रकबा

कम पानी वाली फसलों के लिए गांवों में मुनादी होगी



संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

जिले में कम बारिश से पैदा हुए जल संकट का असर अब रबी सीजन की फसलों पर पडेगा। यह बात गत 1 अक्टूम्बर गुरुवार को हुई जल उपयोगिता समिति की बैठक में सामने आई। पिछले साल बैतूल जिले में करीब 94 हजार हेक्टेयर में सिंचाई हुई थी, जबकि इस बार पानी की उपलब्धता के आधार पर करीब 55 हजार हेक्टेयर में ही सिंचाई हो सकेगी, यानी सिंचाई का रकबा करीब 41.5 प्रतिशत कम हो सकता है। कम पानी वाले क्षेत्रों में किसानों को, कम पानी की फसलें ही बोने की सलाह दी जायेगी। उपलब्ध पानी के अनुसार पलेवा के बाद एक सिंचाई देने की व्यवस्था होगी। बेहतर जल उपलब्धता वाले क्षेत्रों में पलेवा के साथ दो सिंचाई देने का प्रयास किया जाएगा। जल संसाधन विभाग के अनुसार इस साल जलाशयों में पिछले वर्ष की तुलना में करीब 40 प्रतिशत कम जलभराव हुआ है। ऐसे में किसानों को सिंचाई हेतु पानी जलाशयों में उपलब्ध पानी की स्थिति के आधार पर ही दिया जाएगा। जिले में जल संसाधन संभाग बैतूल एवं मुलताई के अंतर्गत कुल 10 उपसंभाग हैं। इनके अंतर्गत 8 मध्यम परियोजनाएं और 192 लघु सिंचाई योजनाएं संचालित है। इस तरह जिले में कुल 200 सिंचाई योजनाएं हैं। गौरतलब है कि कम बारिश की वजह से जलस्त्रोत पर्याप्त नहीं भर पाए हैं। जिले के 127 बांध-तालाबों में बड़ी संख्या ऐसे जलस्त्रोतों की है, जो 50 प्रतिशत या उससे कम भरे हैं। ऐसे में अगले करीब आठ महीनों के लिए उपलब्ध पानी का नियोजित इस्तेमाल करना होगा।

जलाशयों में 242.040 मिलियन घनमीटर पानी का भंडारण..

8 मध्यम परियोजनाओं की जीवित जलभराव क्षमता 199.862 मिलियन घनमीटर तथा 192 लघु योजनाओं की जीवित जलभराव क्षमता 273.48 मिलियन घनमीटर है। इस प्रकार कुल जीवित जलभराव क्षमता 473.27 मिलियन घनमीटर है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार 30 सितंबर 2026 तक इन जलाशयों में 242.040 मिलियन घनमीटर पानी का भंडारण हुआ है। यह कुल जीवित जलभराव क्षमता का करीब 51 प्रतिशत है। कम जलभराव के कारण विभाग ने रबी सिंचाई का रकबा सीमित किया है। जिन जलाशयों में पर्याप्त पानी है, वहां उपलब्धता के अनुसार किसानों को सिंचाई के अधिक अवसर मिलेंगे।

41 जलाशय शत प्रतिशत भरे

जल संसाधन विभाग के अनुसार जिले में 41 जलाशय 100 प्रतिशत भरे हैं। इनसे किसानों को एक पलेवा और तीन पानी तक दिए जाने की संभावना है। वहीं 74 जलाशयों में 0 से 25 प्रतिशत, 53 जलाशयों में 26 से 50 प्रतिशत, 27 जलाशयों में 51 से 75 प्रतिशत तथा 5 जलाशयों 76 से 85 प्रतिशत तक जलभराव बताया गया है। इससे स्पष्ट है कि बड़ी में संख्या में जलाशयों में सिंचाई हेतु सीमित पानी ही उपलब्ध है। जलाशयों में उपलब्ध पानी में से पेयजल के लिए भी आरक्षण किया गया है। लाखापुर जलाशय से बैतूल शहर के पेयजल के लिए पानी आरक्षित रखा गया है। वहीं बाकुड़ जलाशय से आठनेर नगरपालिका के पेयजल के लिए 1.20 मिलियन घनमीटर पानी आरक्षित है। इसके बाद उपलब्ध पानी के आधार पर सिंचाई के लिए जल दिया जाएगा।

घोघरी में 40 और सांपना में 72 प्रतिशत पानी

जल संसाधन विभाग के अनुसार पिछले वर्ष 100 प्रतिशत भरने वाला घोघरी मध्यम परियोजना जलाशय इस वर्ष महज 40 प्रतिशत ही भर पाया है। इसी तरह मध्यम परियोजना वाले सांपना जलाशय में भी 72 प्रतिशत जलभराव हुआ है, जबकि पिछले साल यह भी पूरी क्षमता तक भर गए थे। इन जलाशयों में कम पानी होने का सीधा असर रबी फसलों की सिंचाई पर पडने की संभावना है। कम जलभराव को देखते हुए जल संसाधन विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी कराने और पंचायतों में नोटिस चस्पा करने की तैयारी कर रहा है। किसानों को बताया जायेगा कि जलाशयों में पर्याप्त पानी नहीं होने से सिंचाई के लिए पानी मिलना संभवन नहीं होगा। सिंचाई विभाग किसानों से अपील करेगा कि पानी की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए रबी फसलों की बोवनी करे।

पिछले साल की तुलना में 27 प्रतिशत कम बारिश

30 सितंबर तक जिले में औसत 721.9 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि तक 989.8 मिमी बारिश हुई थी। इस तरह इस साल करीब 267.9 मिमी यानी 27 प्रतिशत कम बारिश हुई है। कम बारिश के साथ नदी-नालों और जलस्त्रोतों में पर्याप्त पानी नहीं होने से रबी फसलों की सिंचाई का संकट बढने की स्थिति है। यंहा उल्लेखनीय है कि इस साल जिले के किसी भी ब्लाक में सामान्य औसत बारिश तक पहुंचना तो दूर, 40 इंच भी बारिश किसी ब्लाक में नहीं हुई है। सिर्फ चिचोली ब्लाक में 38.10 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा घोड़ाडोंगरी में 35 इंच, मुलताई ब्लाक में 30 इंच, आठनेर में 16.40 इंच बारिश हुई है। जिला मुख्यालय बैतूल में लगभग 26 इंच बारिश दर्ज की गई। बाकी अन्य ब्लाकों में भी 24 से 29 इंच के बीच वर्षा हुई है। वैसे मानसून सीजन 15 जून से 15 अक्टूबर तक माना जाता है, लेकिन मौसम के मिजाज को देखते हुए ऐसा नहीं लग रहा है कि आगामी दिनों बारिश की कोई संभावना है।

इनका कहना है

जिले में पिछले 15-20 सालों में इस साल बेहद कम बारिश हुई है। इसे देखते हुए पहले लोगो को पेयजल उपलब्ध करवाए जाने की व्यवस्था बनाई जाएगी। इसके बाद फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को पानी दिया जाएगा। इसके अलावा कम बारिश वाले इलाकों को सूखाग्रस्त घोषित करवाने और वँहा के लिए स्पेशल पैकेज की व्यवस्था करने की मांग सरकार से की जाएगी।

हेमंत खंडेलवाल, बैतूल विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

बैतूल जिले में इस वर्ष अल्प वर्षा की स्थिति के कारण सिंचाई के रकबे में 41.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। जहां पिछले साल एक लाख हेक्टेयर में जलाशयों से रबी फसलों की सिंचाई का पानी देने की व्यवस्था की गई थी। वहीं इस साल कम बारिश के कारण महज 55 हजार हेक्टेयर में पानी देने की तैयारी है। सभी किसानों को पलावा के साथ एक पानी या दो-तीन पानी सिंचाई हेतु उपलब्ध करवाने के पूरे प्रयास विभाग द्वारा किए जा रहे हैं।

रोशन सिंह, ई.ई. जल संसाधन विभाग जिला बैतूल

सेवा ज्योति से गूंजा विकसित भारत का संकल्प

पीएम मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्र सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित लाल बहादूर शास्त्री स्टेडियम में विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की पांचो विधानसभा बैतूल, आमला, मुलताई, घोडाडोंगरी और भैसदेही से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, हितग्राही, विशिष्टजन, आमजन एवं मातृशक्ति शामिल हुए। भारत माता, श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्रो के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर पूजनकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सुबह 10 बजे दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का जिला मुख्यालय स्थित आयोजन स्थल पर विशाल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा से जुडे कार्यों पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की चर्चा की। उन्होंने अपनी सार्वजनिक यात्रा का श्रेय देश की जनता को देते हुए राष्ट्र प्रथम के संकल्प को दोहराया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि वे न रुकेंगे, न थकेंगे और न पथ से डिगेंगे। उन्होंने वी वील डू ईट का संदेश देते हुए कहा कि अनेक अवसरों पर जो कार्य असंभव प्रतीत होते थे, उन्हें देश ने सामूहिक प्रयासों से संभव करके दिखाया है।

इस साल 50 सेंटरों में आसानी से मिल सकेगी गोकाष्ट

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिलाई सेवा संकल्प की शपथ प्रधानमंत्री के संबोधन के पश्चात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने उपस्थित जनसमुदाय को विकसित भारत का संकल्प दिलाया। इसके पश्चात केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके एवं श्री खंडेलवाल ने अतिथियों के साथ सेवा संकल्प ज्योति प्रज्वलित की। इसके बाद सेवा ज्योति रथ के साथ सेवा ज्योति संकल्प यात्रा निकाली गई। यात्रा आयोजन स्थल से प्रारंभ होकर शहर के अंबेडकर चौक पहुंची इसके पश्चात पांचो विधानसभाओं के प्रभारी एवं कार्यकर्ता सेवा संकल्प ज्योति लेकर अपनी-अपनी विधानसभा के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, महेन्द्रसिंह चौहान, डॉ. योगेश पंडाग्रे, गंगा उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जनजाती आयोग के सदस्य मंगलसिंग धुर्वे, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर, सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी मुख्य रूप से मौजूद रहें। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने अंत में आभार कार्यक्रम प्रभारी अतीत पंवार द्वारा किया गया।

भोपाल रेफर किया, आरोपी की तलाश जारी

पुरानी रंजिश पर युवक को गोली मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।



कोतवाली थाना क्षेत्र के आजाद वार्ड स्थित मामू चौक पर बुधवार को गोली चलने से युवक घायल हो गया। गोली युवक के दाहिने सीने को छूकर निकल गई। घायल फरहान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे एहतियातन भोपाल रेफर किया जा रहा है। घायल फरहान के मुताबिक, कुछ दिन पहले उसका गाली-गलौज को लेकर विवाद हुआ था। इसी रंजिश में उस पर पिस्टल से गोली चला दी। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय कुछ युवक वहां खड़े होकर हंसी-मजाक कर रहे थे और इसी दौरान गोली चलने की बात सामने आई है। पुलिस घटना की वास्तविक परिस्थितियों की जांच कर रही है। जिला अस्पताल के आरएमओ डॉ. रानू वर्मा ने बताया कि गोली युवक के सीने को छूकर निकली है, जिससे जख्म हुआ है। गोली शरीर के अंदर नहीं गई है, इसलिए गंभीर चोट नहीं है। एहतियात के तौर पर उसे भोपाल रेफर किया जा रहा है। कोतवाली टीआई देवकरण डहरिया ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस गोली चलने के कारण और घटना की परिस्थितियों की जांच कर रही है।

बीईओ ने वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा प्रतिवेदन

लगातार शिकायतों के बाद मॉडल कन्या छात्रावास की 3 रसोइया हटाईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा।

बरबटपुर स्थित मॉडल कन्या छात्रावास की तीन रसोइयों को हटाए जाने के बाद मामला चर्चा में है। छात्राओं का कहना है कि रसोइयों की कार्यप्रणाली और व्यवहार को लेकर वे वर्ष 2024 से लगातार शिकायत करती आ रही थीं। कुछ समय पहले भोपाल से नियमित निरीक्षण के लिए टीम छात्रावास पहुंची थी। इस दौरान छात्राओं ने टीम के सामने अपनी समस्याएं रखीं। इसके बाद मामले की जांच कर छात्राओं के बयान लिए गए और जांच प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया। छात्राओं द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, छात्रावास में लंबे समय से रसोइयों को लेकर उन्हें परेशानी थी। उन्होंने भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई और रसोइयों के व्यवहार सहित अन्य समस्याओं का उल्लेख करते हुए अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की थी। छात्राओं का कहना है कि शिकायतों के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने पर उन्होंने निरीक्षण के दौरान पहुंची टीम के सामने पूरी स्थिति बताई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार गीते ने बताया कि शिकायत की जांच के लिए वे छात्रावास गए थे। उस दौरान उन्होंने छात्राओं से चर्चा कर रसोइयों को इस बार माफ करने और आगे गलती नहीं होने की बात कहते हुए समझाइश दी थी। बीईओ के अनुसार, इस पर छात्राओं ने स्पष्ट कहा कि यदि रसोइयां दोबारा छात्रावास में रहेंगी तो वे छात्रावास में नहीं रहेंगी और इसकी शिकायत कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारियों से करेंगी। इसके बाद उन्होंने जांच प्रतिवेदन तैयार कर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दिया।

छात्राओं का कहना- वापस आईं तो कलेक्टर से करेंगे शिकायत

छात्राओं का कहना है कि उन्होंने अपनी शिकायत किसी दबाव में नहीं की, बल्कि लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के कारण अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखा है। अब तीनों रसोइयों को हटाए जाने के बाद छात्राएं चाहती हैं कि उन्हें दोबारा छात्रावास में न रखा जाए। छात्राओं ने कहा है कि यदि हटाई गई

कम पानी वाली फसलों चना, मसूर और सरसों के लिए किसानों को किया जाएगा प्रेरित

अल्पवर्षा से जलाशयों में कम जलभराव को लेकर जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक

जलाशयों में उपलब्ध पानी का गाइडलाइन अनुसार पेयजल व सिंचाई के लिए होगा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।



जिले में काफी वर्षों के बाद इस वर्ष अल्पवर्षा के कारण जलाशयों में अपेक्षाकृत कम जलभराव की स्थिति को देखते हुए पेयजल, सिंचाई एवं फसल प्रबंधन को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जल उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा करते हुए आगामी समय में पेयजल एवं सिंचाई व्यवस्था तथा किसानों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री दुर्गादास उईके, विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल, विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह ऊईके, जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य सुधाकर पवार तथा कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, सीईओ जिला पंचायत गणेश जायसवाल सहित जल संसाधन, कृषि, जल निगम एवं एमपीईबी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जलाशयों में उपलब्ध पानी की स्थिति की समीक्षा के बाद तय किया गया कि उपलब्ध जल का उपयोग निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जिन जलाशयों में 50 प्रतिशत से कम जलभराव है, उनमें उपलब्ध पानी पेयजल एवं निस्तारी के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। वहीं 50 से 80 प्रतिशत जलभराव वाले जलाशयों से सिंचाई के लिए किसानों को एक पलेवा एवं एक पानी दिया जाएगा। 90 प्रतिशत से अधिक जलभराव वाले जलाशयों से सिंचाई के लिए दो पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि दिसंबर माह के बाद जलाशयों में उपलब्ध पानी को मुख्य रूप से पेयजल की आवश्यकता के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। अधीक्षण यंत्री जल संसाधन विभाग विपिन वामनकार ने बताया कि जिले में लगभग 200 जलाशय हैं, जिनमें से 127 जलाशय पूरी तरह खाली हैं। जिले के 200 जलाशयों की कुल जल संग्रहण क्षमता लगभग 472 एमसीएम है, जबकि वर्तमान में इनमें लगभग 242 एमसीएम पानी उपलब्ध है।

कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने पर जोर-केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि अल्पवर्षा की स्थिति को देखते हुए पेयजल, सिंचाई एवं फसल प्रबंधन के लिए पुख्ता कार्ययोजना के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि उपलब्ध जल का विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करते हुए किसानों और आमजन की आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाए। उन्होंने किसानों को कम पानी में होने वाली फसलों की ओर प्रेरित करने तथा इसके लिए गांव स्तर पर जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए किसानों को ऐसी फसलों के चयन के लिए प्रेरित किया जाए, जिनमें कम पानी की आवश्यकता होती है। उन्होंने कृषकों को गेहूं की अपेक्षा चना, सरसों, मसूर, अलसी सहित कम पानी में उपयुक्त फसलों की बुवाई को प्राथमिकता देने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए।

एमपीईबी विभाग की समीक्षा के दौरान रबी सीजन में किसानों को सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पेयजल आपूर्ति के लिए आवश्यक बिजली व्यवस्था निर्बाध रखने तथा जले हुए ट्रांसफार्मरों को समय पर बदलने के निर्देश दिए गए।

गेहूं का रकबा कम, चना व सरसों का रकबा बढने की संभावना

उर्वरक-बीज की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा के दौरान विधायक श्री खंडेलवाल ने किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। कृषि विभाग द्वारा विशेष ग्राम सभाओं एवं किसान संवाद बैठकों के माध्यम से किसानों को कम वर्षा की स्थिति में फसल चयन, उपलब्ध जल के समुचित उपयोग, सिंचाई प्रबंधन एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए गए। उप संचालक कृषि रामगोपाल रजक ने बताया कि इस सीजन जिले में गेहूं का रकबा लगभग 80 हजार हेक्टेयर कम होने की संभावना है। वहीं चने का रकबा 47 हजार हेक्टेयर से बढ़कर लगभग 94 हजार हेक्टेयर तथा सरसों का रकबा 13 हजार हेक्टेयर से बढ़कर लगभग 25 हजार हेक्टेयर होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जिले में खाद, बीज एवं कीटनाशक की पर्याप्त उपलब्धता है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सारनी जिला बैतूल म.प्र.

Email: cmosarni@mpurban.gov.in, Fax/Phone: 07146-256400

क्रं. नपा/विद्युत/2026/1197 सारनी दिनांक 05/10/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में शासन के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि	लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य	EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	2026_UAD_539585_1 Date 01/10/2026	नगर पालिका परिषद सारनी में कार्यालय उपयोग एवं फील्ड उपयोग हेतु 2*24W T5 Power Saver Rod Choke विद्युत सहायक सामग्री समय-समय पर आवश्यक सभी वस्तुओं के लिए विद्युत मरम्मत एवं अनुरक्षण मदों की वार्षिक दरें आमंत्रित करने हेतु ।	12 माह	20 लाख	5000.00	15,000	02/11/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सारनी

खबर संक्षेप

ग्राम आरी में किसानों की विद्युत केवल चोरी

माखन नगर। बीती रात को ग्राम आरी के पांच छः किसानों के खेत से अज्ञात चोर पंप से स्टार्टर में लगी हुई केवल चोरी कर ले गए हैं किसान प्रीतम साहू सतीश पांडे सूरज चौहान विष्णु तिवारी एवं अन्य लोगों ने माखन नगर थाने में केवल चोरी की लिखित शिकायत की है और आशंका व्यक्त की है की कोई गिरोह है जो किसानों की केवल चोरी कर रहा है अतः अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए वही क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के जिला प्रवक्ता केशव साहू ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर किसानों की केवल चोरी की घटना से अवगत कराया है।

पाटनी फीडर पर 2 से 3 घंटे ही चल रहे हैं पंप

माखन नगर। भारतीय किसान संघ की जिला एवं तहसील इकाई ने विद्युत समस्या के समाधान के लिए महाप्रबंधक को 13 बिंदुओं का मांग पत्र सौंप कर विद्युत संबंधी समस्या के निराकरण की मांग की है भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी ने बताया विगत दिनों जेई एवं डीई को ट्रांसफार्मर पर अधिक भार सहित पुरानी लाइन टूटे तार बदलने टूटे हुए खंबे बदलने की शिकायत की जा चुकी है लेकिन अभी तक कोई भी समाधान नहीं किया गया जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह राजपूत तहसील अध्यक्ष राजेश दीवान तहसील विद्युत प्रभारी शुभम मीणा जिला कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र दीवान सहित अन्य सदस्यों ने ज्ञापन में उल्लेखित समस्याओं के अति शीघ्र समाधान की मांग की है।

वन रक्षकों द्वारा किया प्लास्टिक कचरा एकत्र



पचमढ़ी। वन्यप्राणि सप्ताह के चलते उप परिक्षेत्र पचमढ़ी वन विभाग के स्टाफ़ द्वारा बीट बारीआम में माढादेव रॉकपेंटिंग पर्यटन स्थल एवं आस पास के क्षेत्र से प्लास्टिक/कचरे को इकठ्ठा किया गया। लगभग दस बोरी प्लास्टिक बोतल एवं पन्नी पॉलीथिन एकत्र किया गया जिसे कचरा वाहन से केंट कचराघर भेजा गया।

गांधी चौक स्थित रामलीला मंच का लोकार्पण संपन्न, श्री रामलीला मंचन के लिए किया गणेश पूजन, इस वर्ष होगा 104 वर्ष में रामलीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रीराम नाट्य समिति द्वारा शुक्रवार से 104 वें वर्ष में रामलीला मंचन शुरू किया जाएगा। इसके पूर्व मंगलवार रात गांधी चौक पर पुनर्निर्मित मंच का लोकार्पण किया गया। वहीं रामलीला मंचन के लिए श्री गणेश पूजन भी किया गया है। श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर अध्यक्ष अनिल जैन व सचिव अखिलेश मालवीय ने बताया कि विधायक विजयपाल सिंह द्वारा प्रदत्त पांच लाख रुपये की निधि से मंच पुनर्निर्मित किया गया है। जिसका लोकार्पण नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, श्री रामनाट्य समिति संरक्षक चौधरी राजेंद्र सिंह, राजेंद्र नामदेव, पं. कैलाश परसाई, केदार चौरसिया, एमएल स्वामी, रमेशपुरी गोस्वामी, मंगल सिंह रघुवंशी, चंद्रकांत चौरसिया, विजय अग्रवाल, पं. नीलेश जैन, पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, मुकेश मालवीय, कृष्णा पालीवाल, मोहन छाबड़िया, अभय खंडेलवाल, पं. धनराज तिवारी, संजय खंडेलवाल, चौधरी राकेश सिंह, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह, नर्मदांचल यूथ क्लब प्रमुख नीरज चौधरी, मधुर मिलन दशहरा समिति अध्यक्ष आकाश चौरसिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश पटेल आदि की उपस्थिति में किया गया। इसके पूर्व श्रीराम नाट्य समिति संरक्षक पं. अरविंद सहारिया के मार्गदर्शन में श्री गणेश पूजन किया गया, जिसमें पात्रों ने पूजन किया।



सराहनीय प्रयासः रघुवंशी

वरिष्ठ अधिवक्ता मंगल सिंह रघुवंशी ने कहा कि एक सदी पुरानी रामलीला के मंचन के लिए मंच का पुनर्निर्माण सराहनीय है। उन्होंने अपने बचपन में रामलीला मंचन देखने के अनुभव साझा किए। आध्यात्मिक गुरु पं. प्रकाश मुदगल ने कहा कि मंचन में भक्तजन नियमित पधारें। उन्होंने नगर के रानी लक्ष्मीबाई मंच के पुनर्निर्माण की मांग भी जनप्रतिनिधियों से की। पं. जीवन दुबे एवं नप उपाध्यक्ष आकाश पटेल ने भी उद्बोधन दिया।

ये रहे उपस्थित



अखिलेश मालवीय ने बताया कि रामलीला मंचन में दशकों से सक्रिय सहयोगी भूमिका निभाने वाले किन्नर समाज से गुरू सलमा, सीता, रागिनी, कुसुम सम्मान आमंत्रित किए गए थे। इनके सहित पार्षदगण आशीष विश्वकर्मा, गौरव पालीवाल, अमृता चौरसिया, ज्योति चौरसिया व कविता साहू, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, रतन सराठे, हरिशंकर सराठे, मनोज अग्रवाल, अधिवक्ता नीरज शर्मा, नीलेश खंडेलवाल, यशवंत जवार, तहसील पत्रकार संघ वर्तमान अध्यक्ष पवन चौहान व पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र कुशवाहा, प्रशांत मालवीय, गोलू अग्रवाल, रीतेंद्र सिंह राजपूत, प्रशांत सोनी, करण सिंह सराठे, शरद चौरसिया, चंदन किरार, छोटू बंजारा, भरत तिवारी, यशवंत पचौरी, नीलेश शर्मा, संजय मेहरा, कपिल सोनी, उमेश शर्मा, आनंद पाराशर, संजय मालवीय, निपुण खंडेलवाल आदि उपस्थित थे। वहीं श्रीराम नाट्य समिति संरक्षक पं. अरविंद सहारिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। समिति मीडिया प्रभारी शिवकुमार पटेल, शरद चौरसिया व आनंद साहू ने बताया कि 13 अक्टूबर को प्रभु श्रीराम की बारात की भव्य निकासी शहर में होगी।

महिला प्रोफेसरों ने प्राचार्य से की बाबू द्वारा उत्पीड़न की शिकायत

शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य ने प्रोफेसरों को ही थमाया नोटिस और चेतावनी पत्र

शासकीय महाविद्यालय रेहटी का मामला, दो महिला प्रोफेसरों के साथ कॉलेज में बाबू ने की अभद्रता, दी वेतन नहीं बनाने की धमकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

रेहटी स्थित शिक्षा का मंदिर शासकीय महाविद्यालय इस समय प्राचार्य एवं प्रोफेसरों के बीच जंग का अखाड़ा बना हुआ है। दरअसल महाविद्यालय में सुजित राठौर सहायक ग्रेड-3 (बाबू) द्वारा महिला प्रोफेसरों से दुर्व्यवहार करने, उन्हें पीड़ति करने एवं उन्हें वेतन नहीं बनाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस घटना से आहत महिला प्रोफेसरों ने जब बाबू की शिकायत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मनोज राठौर से की तो प्राचार्य ने बाबू सुजित राठौर पर कार्रवाई करने के बजाए महिला प्रोफेसरों को ही नोटिस थमा दिए। इसके बाद एक अन्य चेतावनी पत्र भी दिया गया, जिसमें महिला प्रोफेसरों पर एकतरफ कार्रवाई करते हुए फालन आउट करने की बात कही गई है। महाविद्यालय में बाबू द्वारा महिला उत्पीड़न से पीड़ित महिला प्रोफेसरों ने अब इस मामले की शिकायत राज्यपाल, महिला आयोग, विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, जिला कलेक्टर सहित कॉलेज की महिला उत्पीड़न समिति को भी की है। मामले



में जांच समिति गठित की गई है।

अतिथि विद्वानों के भरोसे अध्यापन कार्य

कार्यस्थल पर महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने, उन्हें सुरक्षा देने की लगातार कोशिशें हो रही हैं, महिला सशक्तीकरण को लेकर भी बातें हो रही हैं, लेकिन ऐसा मामला महाविद्यालय में आना बेहद शर्मनाक एवं चिंता का विषय भी है। महिलाओं को सुरक्षा देने की बात सुप्रीम कोर्ट तक कह रहा है, लेकिन रेहटी स्थित शासकीय महाविद्यालय में इसकी कोई परवाह नहीं है। दरअसल रेहटी के शासकीय महाविद्यालय में बड़ी संख्या में अध्यापन कार्य के लिए महिला अतिथि विद्वान पदस्थ हैं। इन अतिथि विद्वानों के भरोसे ही कॉलेज में अध्ययन कर रहे करीब 1200 से अधिक बच्चों का भविष्य है, लेकिन इस समय महिला प्रोफेसर ही महाविद्यालय में महिला उत्पीड़न की शिकार हो रही हैं। ऐसे में प्राचार्य द्वारा कार्रवाई नहीं करके उन्हें नोटिस एवं चेतावनी पत्र देना बेहद गंभीर घटना है।

शिकायत पत्र की नहीं दी पावती

महाविद्यालय में सहायक ग्रेड-3 सुजित राठौर द्वारा महिला प्रोफेसरों के साथ अभद्रता एवं दुव्यर्वहार की शिकायत 12 सितंबर एवं 24 सितंबर 2026 को अलग-अलग की गई। महिला प्रोफेसरों ने इसकी लिखित में शिकायत की एवं शिकायती पत्र आवक-जावक में दिया तो उन्हें इसकी पावती नहीं दी गई एवं आवेदन को ही अस्वीकार कर दिया गया। इसके बाद महिला प्रोफेसरों ने आवेदन की कॉपी ई-मेल के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी।

मामले में आपत्ति ली है

महाविद्यालय में 30 जून को तत्कालीन प्राचार्य के सेवानिवृत्ति के बाद मुझे प्रभार सौंपा गया है। यहां पर कई वर्षों से वेतन गलत तरीके से निकल रहा था। कई डाक्यूमेंट्स भी नहीं हैं। मैंने इस पर आपत्ति ली है। महिला प्रोफेसरों द्वारा मेरी बिना अनुमति के शिकायत की गई है। उन्हें नोटिस एवं चेतावनी पत्र जारी किए हैं।

मनोज राठौर, प्रभारी प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय रेहटी

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत निकाली बाइक रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

समूचे देश में सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक जारी है। इस दौरान विविध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को सोहागपुर शहर में बाइक रैली का आयोजन किया गया। भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज सहित अन्य नेताओं व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

सरकारी अस्पताल में किया गया निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर



सोहागपुर। चिरायु मेडिकल कॉलेज भोपाल एवं मांडट निवारण समिति नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर में किया गया। जिसमें चिरायु के नेत्र विशेषज्ञ एवं उनकी टीम के द्वारा शिविर में आए 65 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत मोतियाबिंद से पीड़ित 20 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। जिन्हें भर्तीकर चिरायु हॉस्पिटल बैरागढ़ ले जाया जाएगा व ऑपरेशन के बाद वापस सोहागपुर छोड़ा जाएगा। शिविर में आए रोगियों को दवाईयां प्रदान की गई। यह शिविर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में डॉ. नेहा वर्मा, नेत्र चिकित्सा सहायक अशोक कुमार शाक्य एवं ललिता विश्वकर्मा ने मरीजों के परीक्षण में सहयोग किया।

सेवा संकल्प अभियान में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सिविल अस्पताल में निशुल्क नेत्र चिकित्सा निदान एवं चश्मा वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नगरपालिका परिषद क्षेत्र सहित जनपद पंचायत क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। लगभग 90 लोगों के नेत्रों की जांच कराई गई। शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के अस्पताल के डाक्टरों की टीम ने जांच की गई थी। जिनमें लगभग 12 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लायक मरीजों को चिन्हित किया गया।110लोगो का नेत्रों का परीक्षण किया गया। तथा निशुल्क चश्मा वितरण किए गए थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल पूर्व जिला प्रमुख माधव दास अग्रवाल मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी पवन वालिया पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय गोपाल दास दुदानी वी एम ओ राजकुमार पटेल नेत्र चिकित्सा अधिकारी डॉ श्याम सुंदर सोडानी के साथ अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं डाक्टर की उपस्थिति रही।

फल-जूस स्टॉल का नवीनीकरण खारिज रेलवे के पक्ष में हाईकोर्ट का फैसला

इटारसी। इटारसी रेलवे स्टेशन के फल-जूस स्टॉल (एफजेएस-4) के लाइसेंस नवीनीकरण मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने रेलवे के पक्ष में अहम फैसला सुनाया है। मुख्य न्यायाधीश अल्पेश वाई. कोगजे और न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने 7 अक्टूबर 2026 को एम/एस के.के. एंटरप्राइजेस की याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि रेलवे की कैटरिंग नीति-2017 के तहत निर्धारित 5 वर्ष की लाइसेंस अवधि समाप्त होने के बाद पुराने संचालक को स्वतः नवीनीकरण का कोई निहित अधिकार नहीं है। रेलवे अब प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया के माध्यम से नए सिरे से इस स्टॉल का आवंटन कर सकेगा। पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के सीपीआरओ डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि रेलवे ने न्यायालय में अनुबंध की शर्तों के आधार पर नवीनीकरण का विरोध किया था। हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब रेलवे द्वारा अतिशीघ्र उक्त स्टॉल को बंद कर दिया जाएगा।

एसडीएम के आदेश पर गांव-गांव घूम रहे विभाग प्रमुख, कर रहे सरकारी स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर एसडीएम डॉ. बबीता राठौर द्वारा ब्लॉक के सभी विभाग प्रमुखों की सरकारी स्कूल जांच में ड्यूटी लगाई गई है। एक सप्ताह से सभी विभाग प्रमुख आवंटित सरकारी स्कूलों की जांच कर रहे हैं। हरिभूमि ने एसडीएम डॉ. राठौर से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व उन्होंने शासकीय स्कूल एवं छात्रावास का निरीक्षण किया, जहां उन्हें खामियां नजर आई थी। तब उन्होंने तय किया कि सभी विभाग प्रमुख शासकीय स्कूलों की जांच करेंगे तथा प्रमुखों को शासकीय स्कूल आवंटित किए गए हैं तथा नियमित ही अधिकारियों के द्वारा स्कूलों की जांच की जा रही है। पहले चरण में स्कूलों की जांच रिपोर्ट एसडीएम डॉ. राठौर को विभाग प्रमुख जमा करेंगे। उसके बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।



इन विषयों पर ध्यान

जानकारी अनुसार जांच दौरान सभी विभाग प्रमुख शासकीय स्कूलों में बैठक व्यवस्था, बालक एवं बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय, पेयजल व्यवस्था, साफ सफाई, शिक्षकों के आने-जाने के समय की जांच की जाएगी। ये बिंदु जांच के मुख्य बिंदु होंगे। इसके अलावा विभाग प्रमुख तात्कालिक स्थिति में अन्य जरूरी विषयों व बिंदुओं की भी जांच कर सकेंगे। एसडीएम डॉ. बबीता राठौर के अनुसार बालक एवं बालिकाओं के लिए सरकारी स्कूलों में शौचालयों की उपलब्धता पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट के आधार पर सुधार के प्रयास प्रशासन स्तर पर किए जाएंगे। इसमें आवश्यकता अनुसार स्कूलों में विद्यार्थी अनुकूल व्यवस्था बनाने जन भागीदारी का सहारा भी लिया जा सकता है। एसडीएम डॉ. बबीता राठौर के प्रयास की स्थानीय स्तर पर एवं जिला प्रशासन द्वारा सराहना की जा रही है।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति व्याख्यान संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के निर्देशन में नशा मुक्ति व्याख्यान का आयोजन किया गया मुख्य वक्ता के रूप प्रजापति ब्रह्मकुमारी विश्व विद्यालय से बी.के.भारती दीदी और निर्मला दीदी ने व्याख्यान देते हुए कहा कि नशा मानसिक रोग को जन्म देता हे और धीरे धीरे व्यक्ति आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर होता चला जाता है 1 समय से पहले स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारियां जकड़ लेती हे। उन्होंने नशे के प्रकार,हानियां और प्रभाव के साथ साथ मेडिटेशन द्वारा इससे कैसे छुटकारा पाया जाए बहुत अच्छे ढंग से समझाया छात्र छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए और मेडिटेशन भी करवाया कार्यक्रम का आयोजन नोडल अधिकारी डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर डॉ. संगीता मिश्रा, डॉ.अमिताभ शुक्ला, डॉ. सुमन अवस्थी, शीतल वर्मा, स शिवानी मालवीय, श्रुतिका कांसकार आदि मौजूद रहे।

कलेक्टर ने पात्र मतदाताओं से कैंप में पहुंचकर नाम जुड़वाने की अपील की

नर्मदापुरम। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटि रहित बनाने के उद्देश्य से 7, 8 एवं 9 अक्टूबर को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थानों पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। विशेष कैंप के दौरान ऐसे मतदाता, जिनका नाम एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित रह गया है, अथवा किसी कारणवश मतदाता सूची से नाम विलोपित हो गया है, वे अपना नाम पुनः जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

पिपरिया में सेवा संकल्प अभियान जारी

कालेज में हुआ शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



शहीद भगत सिंह कालेज में सेवा संकल्प अभियान सुशासन सेवा संवाद स्थापित करने हेतु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया । जिसमें सिविल अस्पताल के डाक्टर राजकुमार पटेल के निर्देश अनुसार विभिन्न रोगो की जांच करने के लिए डाक्टरों की टीम भेजी गई थी। जिनके द्वारा कालेज में शिक्षा प्राप्त करने बाले सभी छात्रों छात्राओं के एवं अन्य सभी अधिकारियों कर्मचारियों कास्वाथय परीक्षण किया गया। लगभग 300 विद्यार्थियों एवं स्टाफ का परीक्षण किया गया। रेड रिबन युवा रेडक्रास सोसाइटी मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। शुभारंभ मां सरस्वती पूजा अर्चना कर किया गया। प्राचार्य डॉ एस के मेहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में प्रत्येक परिवार रोग से पीड़ित हैं। चाहे वह मानसिक रूप से शारीरिक रूप से हो सकता है। इसलिए अपने परिवार जनों के अपने स्वास्थ्य के लिए सजग रहना चाहिए। निशुल्क चिकित्सा शिविर के साथ दवाई भी वितरित की गई थी। नोडल अधिकारी सेवा संकल्प अभियान की डा अनिता सेन, किटी मौर्य के द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजीव माहेश्वरी डॉ आर सी पटेल एस के बघेल ए के राकेशिया आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

प्राचार्य ने अपने जन्मदिन पर लगाए पौधे, किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शहीद भगत सिंह कालेज के प्राचार्य डॉ एस के मेहरा का जन्मदिन का अवसर था। उसी दौरान सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय शिविर आयोजित किया गया था। तभी कालेज परिसर में चर्चा करते हुए बताया गया कि आज प्राचार्य का जन्म दिन है। जन्म दिन मनाने के लिए कालेज परिवार जनों के द्वारा पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत सम्मानित किया गया। तथा पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डाक्टर एस के मेहरा प्राचार्य के जन्म दिवस के अवसर पर ब्रक्षारोपड का आयोजन किया गया।इस दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजीव माहेश्वरी एवं एस के बघेल डा अनिता सेन किटी मौर्य सहित अन्य सभी अधिकारियों कर्मचारियों



की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।और 2आम के पौधे लगाए गए। तथा सभी बच्चों को मीठा ई का वितरण किया गया।

// आम सूचना //

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर / इंदिरा कालोनी में भवन / भूखंड / दुकान LIG-199 श्री /श्रीमति चतुर्भुज राय पिता/पति बाल मुकुन्द राय के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्री / श्रीमति मनोज कुमार राय पिता / पति चतुर्भुज राय अपने नाम नामान्तरण कराना चाहते / चाहती हैं। उक्त भवन / भूखंड / दुकान का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 पन्द्रह दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी

// आम सूचना //

आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् इटारसी की दुकान पक्की/कच्ची प्लाट नं. पटवा बाजार दुकान 17/1 इटा. जो कि नगर पालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री/श्रीमती भगवती प्रसाद पटवा s/o देवीप्रसाद के नाम से से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्री /श्रीमती उमा पटवा w/o भगवती प्रसाद पटवा व नरेन्द्र पटवा एवं दीपक पटवा s/o भगवती प्रसाद पटवा के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते है उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कार्यालीन समय में 15 दिवस के अंदरअपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी

खबर संक्षेप



विद्यालयों में जागरूकता शिविर का आयोजन

हरदा। वन स्टॉप सेंटर हरदा द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिमरनी एवं द जॉनर एजुकेशन पब्लिक स्कूल हरदा में आयोजित किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों को वन स्टॉप सेंटर में संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। केस वर्कर रितु राजपूत ने उपस्थित छात्राओं को वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से दी जाने वाली परामर्श सहायता, चिकित्सा सहायता, पुलिस सहायता, विधिक सहायता, आश्रय सहायता एवं आपातकालीन सहायता के बारे में बताया। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1930 (साइबर हेल्पलाइन) और 15100 के बारे में अवगत कराया। कार्यशाला में विद्यालय के प्राचार्यगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा वन स्टॉप सेंटर हरदा से केस वर्कर रीना बराह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

आज जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में विशेष शिविर

हरदा। सेवा मेरा योगदान अभियान सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत जिले के दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग श्री कमलेश सिंह ने बताया कि यह विशेष शिविर आज प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, जिला चिकित्सालय परिसर हरदा में आयोजित होगा। शिविर में पात्रता के आधार पर दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनाए जाएंगे।

रोजगार मेला युवा संगम आज

हरदा। जिले के युवाओं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज गुरुवार को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) हरदा में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा।

चारूवा में आज लगेगा विशेष शिविर

हरदा। विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू समुदायों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ दिलाने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 8 अक्टूबर को खिरकिया अनुभाग के ग्राम पंचायत चारूवा अंतर्गत जादपुरा स्थित चारूवा देवी मंदिर परिसर में शिविर लगाया जाएगा। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण हरदा विवेक सिंह ने बताया कि शिविर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया की जाएगी। 14 अक्टूबर को हरदा तहसील परिसर तथा 28 अक्टूबर को हरदा अनुभाग के ग्राम झिरी स्थित प्राथमिक शाला भवन में शिविर लगाया जाएगा।

सड़क हादसे में स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत

हरदा। मसनगांव और कमताड़ा के बीच रेलवे डबल फाटक के पास मंगलवार शाम सड़क हादसे में स्कूटी सवार 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे के बाद उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान श्रीधर पिता बाबूलाल राजपूत (60) के रूप में हुई है। वे सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मानपुरा मोहल्ले में रहते थे और दूध बांटने का काम करते थे। मंगलवार शाम वे स्कूटी से कमताड़ा जा रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे की जानकारी मिलने के बाद उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

विकसित भारत का संकल्पः सेवा ज्योति यात्रा शुरू

सेवा ही संकल्प, संकल्प ही सेवा के मंत्र के साथ गांव-गांव पहुंचेगी मशाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को जिला मुख्यालय में ऐतिहासिक सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा का गरिमामय आयोजन किया गया। टिमरनी और हरदा विधानसभा की ग्राम पंचायतों से निकली यह यात्रा शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा पहुंची, जहां जिला स्तरीय मुख्य समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल उद्बोधन का सजीव प्रसारण देखा-सुना गया तथा जिला स्तर पर सेवा ज्योति प्रज्वलित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने दोनों विधानसभा क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों को सेवा ज्योति की मशाल सौंपी। अपने उद्बोधन में श्री नागर ने कहा कि यह मशाल सिर्फ ज्योति नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने का संकल्प है। यह ज्योति गांव-गांव, घर-घर जाकर सेवा और राष्ट्र निर्माण की अलख जगाएगी। हम सभी को इस महायज्ञ में अपनी आहूति देनी है। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक संजय शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत, नपा अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला खेल एसोसिएशन अध्यक्ष संदीप पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक जय पुजारी एवं दल द्वारा देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सरस्वती शिशु मंदिर हरदा के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत वंदे मातरम की सामूहिक प्रस्तुति ने पूरे परिसर को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया।

धरती महतारी है, प्राणों से प्यारी है के जयघोष से गूंजा हरदा

अलसुबह तक चला अभा कवि सम्मेलन श्रोताओं ने कविताओं का आनंद उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा





पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल के जन्मदिन पर कमल सांस्कृतिक मंच द्वारा मिडिल स्कूल ग्राउंड में आयोजित अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन देर रात से शुरू होकर अलसुबह 4 बजे तक चला। खचाखच भरे मैदान में हजारों श्रोताओं ने देशभर से आए कवियों की प्रस्तुतियां सुनीं और तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी मोबाइल वीडियो कॉल के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े और कमल पटेल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच संचालक डॉ. आदित्य जैन ने किया।

श्रृंगार रस की कवयित्री प्रीति पांडे ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर मां शारदा की आराधना के साथ कवि सम्मेलन की शुरुआत की। इसके बाद हास्य कवि सौरभ जायसवाल ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। अंशु प्रिया दुबे ने गीत उम्र यह तुम्हारी है, जिंदगियां बनाने की... सुनाकर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं। वीर रस के कवि मोहित सक्सेना ने अपनी ओजपूर्ण कविताओं से माहौल में जोश भर दिया। उनकी कविता धरती महतारी है, प्राणों से प्यारी है, इसकी माटी पर हमें जान लुटानी है... पर पूरा पंडाल भारत माता के जयघोष से गूंज उठा। हास्य कवि पार्थ नवीन ने अपनी पैरोडी से लोगों को हंसाया, जबकि मुन्ना बैटरी और हरीश हिंदुस्तानी की प्रस्तुतियों पर भी श्रोता ठहाके लगाते रहे। देश के गीतकार डॉ. राजीव राज ने यादें यादें झीनी रे झीनी और मोबाइल से आज मेरी बात हो गई जैसे गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंच संचालक डॉ. आदित्य जैन ने पैरोडी जलवा है जलवा सहित महाभारत पर आधारित प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को अलसुबह तक बांधे रखा। कवि सम्मेलन में खिरकिया निवासी बाल कवि अक्षर अंकित अवस्थी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। नन्हें कवि ने अपनी ओजपूर्ण और मासूमियत भरी कविताओं से श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं।

वीडियो कॉल से जुड़े कैलाश विजयवर्गीय

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने वीडियो कॉल के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़कर दर्शकों से संवाद किया और कमल पटेल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कमल पटेल ने कहा कि हरदा का विकास उनका सपना है और सेवा का जो संकल्प उन्होंने लिया है, उसके लिए वे प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद और प्यार उन्हें हमेशा मिलता रहा है और आगे भी वे लोगों के साथ खड़े रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में कमल सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष संदीप पटेल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं टिमरनी के पूर्व विधायक संजय शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया, देवनखेड़ी सरकार, संयोजक देवी सिंह सांखला, सचिव संजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

रहटगांव में 60 गौरनियों अवोला व्रत का पूजन

सुहाग की मंगलकामना के लिए महिलाएं कर रहीं भगवान शिव-पार्वती की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव



नगर में इन दिनों अवोला व्रत का धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। रहटगांव में तीन स्थानों पर अवोला व्रत का पूजन चल रहा है, जिसमें करीब 60 गौरनियां उपवास रखकर भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर रही हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पूजन और रात्रिकालीन आरती में शामिल हो रहे हैं। पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि अवोला व्रत में महिलाएं अपने सुहाग की मंगलकामना और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं। पूजन के दौरान महिलाएं मौन रहकर पूजा सामग्री एकत्रित करती हैं और विधि-विधान से भगवान शिव एवं माता पार्वती की आराधना करती हैं। इस दौरान जवारे भी बोए जाते हैं, जिनकी प्रतिदिन पूजा-अर्चना की जाती है। नगर में भारतीय स्टेट बैंक के पास रघुवीर कॉलोनी में नर्मदा प्रसाद गौर पंछी के यहां तथा गांधी चौक के पास कालू राठौर के घर सहित तीन स्थानों पर प्रतिदिन पूजन किया जा रहा है। रात्रि में भगवान शिव एवं मां जगदंबा की महाआरती का आयोजन होता है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर आरती में शामिल होने के साथ प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। अवोला व्रत को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। धार्मिक आयोजन के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की जा रही है और नगर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

पुलिस ने चोरी का खुलासा किया, दो गिरफ्त में

हरदा। जिले की टिमरनी पुलिस ने आलमपुर में घर से नकदी और मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की लाल रंग की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के मुताबिक आलमपुर निवासी सुंदरलाल गहलोद ने 2 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 1 जुलाई की रात उनके घर से लाल रंग की और कोठी में रखे 1 लाख 21 हजार 539 रुपए चोरी हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान उउळश फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। पुलिस ने शिवा बावस्कर (18) और विशाल कोरकू (20) को गिरफ्तार किया। दोनों इंदिरा कॉलोनी, सोडलपुर, टिमरनी के रहने वाले हैं। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। चोरी हुई नकदी की बरामदगी को लेकर पुलिस की ओर से जानकारी नहीं दी गई है। कार्रवाई में एसडीओपी अरुणा सिंह, थाना प्रभारी मुकेश गौड़ के साथ टिमरनी थाना पुलिस और साइबर टीम के पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अब मामले में आरोपियों से आगे की पूछताछ कर रही है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत वृद्धाश्रम में 40 वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सेवा संकल्प अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को स्थानीय वृद्धाश्रम परिसर में अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत होलिस्टिक वेल बीइंग कैम्प आयोजित किया गया। शिविर में वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आयुर्वेद चिकित्सा एवं थेरेपी की सुविधा दी गई। उपसंचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में वरिष्ठजनों के लिए इंटर जनरेशन बॉन्डिंग एक्टिविटी, सैनिटाइजेशन एंड अवेयरनेस प्रोग्राम तथा होलिस्टिक वेल बीइंग कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वृद्धाश्रम में शिविर लगाया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग की टीम ने चिकित्सा परामर्श के बाद वरिष्ठजनों को थेरेपी प्रदान की। शिविर में 40 से अधिक वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जबकि 16 से अधिक वरिष्ठजनों को थेरेपी दी गई। सभी का नाड़ी परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां भी वितरित की गईं। चिकित्सकों ने वरिष्ठजनों से संवाद करते हुए स्वस्थ रहने के लिए आहार-विहार, दिनचर्या-ऋतुचर्या, योग-प्राणायाम, पंचकर्म और मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी को आयुर्वेद प्रतिज्ञा, स्वच्छता शपथ और नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

विधि महाविद्यालय में सीएम यूथ कॉन्क्लेव 2026 का सीधा प्रसारण किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

शासकीय विधि महाविद्यालय, खरगोन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सी.एम. यूथ कॉन्क्लेव 2026 कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह मंडलोई, प्राध्यापकगण एवं विधि विद्यार्थी शामिल हुए। सीधे प्रसारण के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने युवाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विकसित भारत के संकल्प के अंतर्गत वर्ष 2027 को युवा वर्ष के रूप में मनाने का संकल्प व्यक्त किया। साथ ही युवाओं के लिए लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं वर्ष में दो बार आयोजित कराने की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने युवाओं के साथ प्रश्न-उत्तर एवं संवाद सत्र में विशेष रुचि दिखाई। सीधे प्रसारण के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं युवाओं से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

अवैध शराब के ठिकानों से 315 लीटर लिंबड़ी शराब जब्त

झिरन्या। पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम पाडल्या में दबिश देकर 315 लीटर लिंबड़ी शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत करीब 31,500 रुपये बताई जा रही है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक गणपत कनेल के नेतृत्व में टीम गठित कर ग्राम पाडल्या में दबिश दी गई। पुलिस ने विकास मंडलोई के बकरी बाड़े से 105 लीटर, अविनाश वास्कले के चारा बाड़े से 90 लीटर और प्रेमसिंह वास्कले के बाड़े से 120 लीटर शराब बरामद की। मौके से 600 लीटर लहान भी नष्ट किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध थाना चैनपुर में अपराध दर्ज किए हैं। आरोपी की तलाश जारी है।

महाविद्यालय परिसर की मिट्टी भोपाल भेजी जाएगी

एनसीसी कैडेट्स व विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रसेवा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन परिसर में सेवा संकल्प वृक्ष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 36 एमपी बटालियन एनसीसी, खंडवा के कमान अधिकारी कर्नल के. राजेश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. एस. चौहान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर की मिट्टी एकत्रित कर दो-दो किलोग्राम के दो पैकेट तैयार किए गए। इनमें से एक पैकेट एसयूओ मंशाराम चौहान तथा दूसरा पैकेट यूओ प्राची सज्जन द्वारा तैयार किया गया। तैयार मिट्टी के पैकेटों को बायोडिग्रेडेबल थैलियों में सुरक्षित रूप से पैक कर भोपाल भेजा जाएगा। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में इस मिट्टी का उपयोग पौधारोपण के लिए किया जाएगा, जिसमें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पौधारोपण किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन की मिट्टी को पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी और सेवा संकल्प से जोड़ा गया है। कार्यक्रम में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट श्री संतोष राठौड़, महिला एनसीसी अधिकारी डॉ. रंजिता पाटीदार, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वंदना बर्वे सहित प्राध्यापकगण, महाविद्यालयीन स्टाफ, गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

सीसीटीवी व सीएचसी में व्यवस्थाएं सुधारने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया



जन जागृति मंच खिरकिया ने बुधवार को शहर की सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की मांग को लेकर तहसीलदार लवीना घाघरे को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। मंच के संयोजक पंकज सांड के हस्ताक्षरित ज्ञापनों के माध्यम से जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। नवरात्रि पर्व को देखते हुए मंच ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। ज्ञापन में प्रमुख मंदिरों, गरबा पंडालों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले मुख्य बाजारों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा उनकी निगरानी के लिए विशेष कंट्रोल रूम स्थापित करने की मांग की गई। मंच का कहना है कि इससे पर्व के दौरान महिलाओं, बच्चों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था बेहतर की जा सकेगी। दूसरे ज्ञापन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिरकिया की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की गई। मंच ने एक्स-रे मशीन के लिए डेवलपर और ऑपरेटर की तत्काल नियुक्ति, सोनोग्राफी के लिए नियुक्त चिकित्सक की उपस्थिति का समय बढ़ाकर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक करने, ओपीडी पर्ची व्यवस्था को कंप्यूटरीकृत करने तथा दवा वितरण के लिए अतिरिक्त योग्य फार्मासिस्ट की व्यवस्था करने की मांग रखी। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर और एसडीएम को भी भेजी है। इस दौरान मंच के शैलेन्द्र राय, अजीत सिंह राजपाल, रामशंकर गोदारा, आशीष अग्रवाल, रघुवीर पटेल, नर्मदेश मिश्रा, रिंकू दुआ सहित अन्य उपस्थित रहे।

श्राद्ध पक्ष में 15 दिन कन्याएं बनाती हैं सांझी होली

दीवार पर गोबर से बनाती प्रतिदिन अलग-अलग आकृतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव



श्राद्ध पक्ष में ग्रामीण अंचलों में कई पारंपरिक लोक पर्व और रीति-रिवाज देखने को मिलते हैं। इन्हीं में से एक सांझी होली की परंपरा भी है। रहटगांव क्षेत्र में छोटी-छोटी कन्याएं अपने भाइयों की मंगलकामना के लिए 15 दिनों तक सांझी होली बना रही हैं।

हालांकि आधुनिकता के दौर में यह परंपरा धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है, लेकिन कुछ स्थानों पर कन्याएं आज भी इसे उत्साह और श्रद्धा के साथ निभा रही हैं। पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि सांझी होली की परंपरा श्राद्ध पक्ष के दौरान 15 दिनों तक चलती है। इस दौरान कन्याएं घर की दीवार पर गोबर से प्रतिदिन अलग-अलग आकृतियां बनाती हैं। इन आकृतियों के माध्यम से वे अपने भाइयों की सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना करती हैं। इसके साथ ही कन्याएं सामूहिक रूप से मंगल गीत भी गाती हैं।

उन्होंने बताया कि इस लोक परंपरा में कन्याओं की सहभागिता के साथ परिवार और ग्रामीण समाज भी जुड़ता है। प्रतिदिन बनाई जाने वाली आकृतियों में स्थानीय मान्यताओं और ग्रामीण संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। श्राद्ध पक्ष के 15 दिनों तक यह क्रम चलता है और कन्याएं पूरे उत्साह के साथ सांझी होली बनाती हैं। पंडित शर्मा ने कहा कि बदलते समय के साथ ग्रामीण क्षेत्रों की कई लोक परंपराएं धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही हैं।